वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 20 बुधवार 15 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर में बच्चे को लगाया 17.50 करोड़ का इंजेक्शन

## अमेरिका से जेके लोन हॉस्पिटल पहुंचा, दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है हृदयांश

जयपुर. कासं

जयपुर के जेके लोन हॉस्पिटल में मंगलवार को 23 महीने के हृदयांश को 17.50 करोड़ रुपए का इंजेक्शन लगाया गया। अस्पताल में रेयर डिजीज यूनिट के इंचार्ज डॉक्टर प्रियांशु माथुर और उनकी टीम ने यह इंजेक्शन लगाया। बच्चे को अमेरिका से मंगवाया गया जोल गेनेस्मा इंजेक्शन लगाया गया। हृदयांश स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी नामक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है, जिसके इलाज के लिए इंजेक्शन की जरूरत थी। परिवार क्राउड फंडिंग के जरिए पैसे जुटाने में लगा था।



### बच्चे को 24 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखेंगे

इंजेक्शन लगाने के बाद डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया- इस बीमारी के कारण मसल्स में कमजोरी आने लगती है। बच्चे को चलने-फिरने में परेशानी होती है। सांस रुकने की भी संभावना रहती है। पहले भी दो बच्चों को थैरेपी दे चुके हैं। अब बच्चे को 24 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखेंगे। बच्चे के नाना नरेश कुंबज ने बताया- सभी का सहयोग करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। पुलिस अधिकारियों ने भी बेटा समझकर हृदयांश की मदद की। इस मुहिम में मदद करने वालों का धन्यवाद। अब बच्चे के स्वस्थ होने की दुआ करें।

### जन्म के 6 महीने बाद बीमारी का पता चला था

दरअसल, हृदयांश के माता-पिता नरेश शर्मा और शमा की शादी 7 साल पहले हुई थी। बेटी शुभी (6) के बाद हृदयांश के जन्म से पूरे परिवार में खुशी थी। सिजेरियन डिलीवरी से हृदयांश का जन्म हुआ था। जन्म के समय हृदयांश को किसी तरह की परेशानी नहीं थी। 6 महीने तक वह अपनी बॉडी का अच्छा मूवमेंट करता था। 6 महीने बाद जब परिवार के लोगों ने किसी सहारे से खड़ा करने की कोशिश की तो वह खड़ा नहीं हो पाया था। इसके बाद बीमारी का पता चला था।

**क्रिकेटर दीपक चाहर और सरफराज भी जुड़े थे मुहिम से:** इस बीमारी की वजह से हृदयांश घुटनों के बल चल भी नहीं पा रहा था। परिवार को पता चला कि 17.50 करोड़ के इंजेक्शन से बेटे का इलाज हो सकता है, लेकिन इतने पैसे नहीं थे। इंजेक्शन खरीदने के लिए सोशल मीडिया पर मुहिम चलाई गई। भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर और सरफराज खान ने भी हृदयांश की जान बचाने के लिए अपील की थी। दीपक ने वीडियो जारी कर कहा था- 'राजस्थान पुलिस के इंस्पेक्टर नरेश शर्मा के बेटे हृदयांश को गंभीर बीमारी है। यह बीमारी दुर्लभ है। इसके इलाज का खर्च भी काफी महंगा है। मुझसे जितनी मदद हो सकेगी, मैं करूंगा।' सरफराज ने कहा था कि राजस्थान पुलिस में कार्यरत इंस्पेक्टर के बेटे की तबीयत काफी खराब है। उसके इलाज के लिए करोड़ों की कीमत के इंजेक्शन की जरूरत है।

### सांसद-विधायक भी आगे आए थे

भरतपुर सांसद रंजीता कोली ने पूरे मामले को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री को आर्थिक सहायता देने के लिए पत्र लिखा था। वहीं, राजस्थान सरकार में मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर इंजेक्शन उपलब्ध करवाने के लिए कहा था। बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने अपने विधायक कोष से हृदयांश के परिजनों को 21 लाख रुपए देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा था। हृदयांश का परिवार अलवर के मसारी का रहने वाला है। हृदयांश के पिता नरेश शर्मा मनिया पुलिस थाने में एसएचओ हैं जो जयपुर में रहकर इलाज करवा रहे थे।

# आने वाले मानसून में वृक्षारोपण को जन अभियान बनाएं: मुख्य सचिव



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत द्वारा मंगलवार को सचिवालय में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभागों की समीक्षा बुलाई गई। इस वर्तमान मानसून में वन विभाग विभिन्न राज्य और केंद्र वित्त पोषित योजनाओं के माध्यम से वन और अन्य भूमि जैसे गोचर, पंचायत भूमि आदि पर लगभग 70000 हेक्टेयर वृक्षारोपण पूरा करेगा। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर भी वृक्षारोपण का कार्य चल रहा है। मुख्य सचिव ने राज्य राजमार्गों के किनारे वृक्षारोपण कार्य करने और वृक्षारोपण स्थलों को 5 वर्षों से अधिक समय तक बनाए रखने के लिए नरेगा के साथ अभिसरण योजना तैयार करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने ग्राम वन संरक्षण और निगरानी समितियों के माध्यम से राज्य में महिला सशक्तिकरण के लिए वृक्षारोपण कार्य में महिलाओं की भागीदारी को दो तिहाई करने पर विशेष रूप से जोर दिया। मुख्य सचिव ने पदानुक्रम के साथ सभी कार्यालयों में फाइलों के तेजी से निपटाने के माध्यम से सुशासन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। विकास/राजस्थान 2047 और वानिकी क्षेत्र में नए विचारों और नवाचारों को लाने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया।

## याची जैन ने12th क्लास में 96.6% अंक प्राप्त किए

जयपुर। याची जैन ने 12बोर्ड में 96.6प्रतिशत अंक प्राप्त किए। याची जैन ने बताया कि मुझे गर्व है मेरे माता पिता पर,मेरे स्कूल टीचर्स पर,मेरे दोस्तों पर, जिनकी प्रेरणा से आज 12th क्लास में मुझे 96.6% की प्राप्ति हुई,रोजाना 7 से 8 घंटे पढ़ना,घर के कामों में हेल्प और स्कूल में ज्यादा से ज्यादा एक्टिविटीज में भी आगे बढ़कर पार्ट लेना मुझे बहुत अच्छा लगता है,रुक्मणि बिरला स्कूल में मुझे टीचर्स और प्रिंसिपल का बहुत support मिला,स्कूल की head girl बनना,कई प्रोग्राम अपनी team बनाकर करवाने के बाद मुझमे आत्मविश्वास आया,मेरा सपना HIGHER EDUCATION लेने के बाद EDUCATION FIELD में कुछ बड़ा बदलाव लाने का है.,जहां पर आज के बच्चे एजुकेशन लेते लेते तनाव से दूर रहकर अपने पेरेंट्स के साथ जिंदगी का आनंद ले सकें।



## सेठी परिवार के चिराग ने परिवार एवं जैन समाज का नाम रोशन किया

राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया

इंदौर। दिगम्बर जैन आम समाज संगठन प्रमुख , प्रसिद्ध समाजसेवी इन्द्रकुमार वीणा सेठी नेमीनगर जैन कालोनी इंदौर नगर निवासी के पोते चि.गीत सेठी ने 12वीं की परिक्षा में 96.6% अंक लेकर पुरे स्कुल में प्रथम एवं मध्यप्रदेश में विशीष्ट स्थान प्राप्त किया । इस उपलब्धि से सेठी परिवार एवं दिगम्बर जैन समाज इंदौर का नाम रोशन हुआ हैं ।दिगम्बर जैन समाज समाजिक सांसद के मंत्री डॉ जैनेन्द्र जैन, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, सुशील पांड्या, राजेन्द्र सोनी, हंसमुख गांधी, टीके वेद, संजय कासलीवाल, राजेश जैन दद्दू एवं परवार समाज महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मुक्ता जैन, सारिका जैन, पुष्पा कासलीवाल ने सेठी परिवार के होनहार बेटे को बंधाई देते हुए गीत सेठी एवं समस्त सेठी परिवार को बहुत बहुत बधाई ओर शुभकामनाएं दी।



## तनिष्का जैन ने सेकंडरी बोर्ड में 97 .2प्रतिशत अंक प्राप्त किए




जयपुर. शाबाश इंडिया

जयपुर निवासी सुनील - प्रिती जैन की सुपुत्री तनिष्का जैन ने सेकंडरी बोर्ड की परीक्षा में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। द पेलेस स्कूल की छात्रा तनिष्का जैन पढ़ाई के साथ साथ खेलो में भी रुचि रखती हैं ।

## जेएसजी महानगर की पूल पार्टी में धमाल मस्ती

### मदर्स डे पर मातृ शक्ति का सम्मान






जयपुर. शाबाश इंडिया। जैन सोशल ग्रुप महानगर द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए ग्रुप के सदस्यों के लिए एक रिसॉर्ट में पूल पार्टी का आयोजन किया। जिसमें ग्रुप के सदस्यों ने तैराकी व वाटर गेम के साथ ''मदर्स डे'' पर केक कटिंग कर मां का अभिनंदन किया । विभिन्न सदस्यों ने कविता, गीत व लघु नाटिका के माध्यम से मां की महिमा का गुणगान किया। संस्था अध्यक्ष संजय ऑवा व सचिव सुनील जैन गंगवाल ने बताया इस कार्यक्रम के संयोजक अमिता राजकुमार, अमित सुरेखा , नीतू विजय, दिनेश शेफाली थे। सदस्यों ने मनोरंजक गेम्स के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष प्रदीप जैन, वीरेंद्र गादिया, रविप्रकाश जैन, डॉ राजीव जैन, दीपेश छाबड़ा सहित ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।


# श्री दिलीप -प्रमिला पाटनी

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के कोषाध्यक्ष



15 मई ' 24

9314876180

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या

संस्थापक अध्यक्ष: राकेश - समता गोदिका

सचिव: राजेश - रानी पाटनी

कोषाध्यक्ष: दिलीप - प्रमिला जैन

सांस्कृतिक सचिव: कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे छात्रों का किया सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर पब्लिक स्कूल में 10वीं व 12वीं कक्षाओं में अव्वल रहे छात्रों तथा 95% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों का उनके अभिभावकों सहित सम्मान किया गया। महावीर पब्लिक स्कूल के 10वीं और 12वीं के छात्रों का परीक्षा परिणाम अभूतपूर्व रहा। विद्यालय के अध्यक्ष उमराव मल संघी, मानद् मंत्री सुनील बक्शी, कोषाध्यक्ष महेश काला, संयोजक सुदीप ठोलिया व प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने दसवीं कक्षा की टॉपर मैथिली गुप्ता, 12वीं कक्षा के टॉपर अवि जैन (विज्ञान), युवराज सिंह मलारा (वाणिज्य) के साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा मुंह मीठा करके सम्मानित किया।अभिभावक यह सम्मान पाकर भाव विभोर हो गए और उन्होंने विद्यालय प्रशासन, प्राचार्या तथा अध्यापकों के बच्चों के प्रति किए गए कठिन परिश्रम की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। मानद् मंत्री सुनील बख्शी ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त बच्चों और उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई दी और कहा कि ये बच्चे इसी तरह कठिन परिश्रम करके तथा उच्च पदों पर आसीन होकर अपने विद्यालय, अभिभावकों तथा देश का नाम रोशन करें।

# श्री यश पावन तीर्थ उद्घाटन समारोह 19 मई को बीगोद में

## महावीर युवक मण्डल करेगा रक्तदान शिविर का आयोजन



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया।** राजस्थान प्रवर्तिनी सद्गुरूवर्या महासाध्वी यशकंवरजी म.सा. के नवम पुण्य स्मृति दिवस पर 19 मई को पावनधरा बीगोद में श्री यश पावन तीर्थ के उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। श्री यश कंवर स्मृति सेवा संस्थान एवं श्री यश पावन तीर्थ बीगोद के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस समारोह की तैयारियां जारी है। आयोजन में पूज्य महासाध्वी यशकंवरजी म.सा. की सुशिष्या साध्वी मण्डल का सानिध्य भी प्राप्त होगा। समारोह में देश के विभिन्न क्षेत्रों से पूज्य यश गुरूणी के प्रति आस्थावान श्रावक- श्राविकाएं शामिल होंगे। समारोह में श्री यश पावन तीर्थ के सहयोग से श्री महावीर युवक मण्डल सेवा संस्थान भीलवाड़ा की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी होगा। संस्थान के अध्यक्ष पुखराज चौधरी, मंत्री नितिन बापना, रक्तदान शिविर संयोजक अंशुल लोढ़ा, रोहित सामर के नेतृत्व में संस्थान की टीम इसके लिए तैयारी में लगी है। दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए रक्त अर्पण कर पुण्यार्जक बन गुरूणी मैया के प्रति सच्ची भक्ति एवं आस्था का परियय देने का अवसर यह आयोजन प्रदान कर रहा है। रक्त संग्रहण का कार्य भीलवाड़ा की अरिहन्त हॉस्पिटल ब्लड बैंक की टीम करेंगी।

# जयपुर में इंडियन लिटिल फेशन शो में कोटा के अव्यान ने किया रेम्पवाक









**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

जयपुर। 12 मई को जयपुर के होटल रॉयल में आयोजित इंडियन लिटिल फेशन हंटर आई एल एफ एच सीजन नाइन में कोटा निवासी अव्यान प्रसाद ने भाग लिया। तीन वर्षीय अव्यान ने आई डी टी जयपुर द्वारा डिजाइन किये गये कपड़े पहनकर रेम्पवाक करके दर्शकों को आकर्षित किया और ट्रॉफी व सर्टिफि केट हासिल किया। बालक के पिता आशुतोष प्रसाद कोटा थर्मल में अग्निशमन विभाग में एक्सईन के पद पर कार्यरत हें और बालक के हुनर को निखारने के लिये भरपूर सहयोग करते हें इस फेशन शो में भी उसका हौंसला बढ़ाने के लिये मौजूद रहे। बालक अव्यान अपनी अल्पायु में ही मॉडलिंग में बेहद रुचि रखता हे और कई बार अपना हुनर दिखाकर अपने पिता एवं शहर का नाम रोशन कर चुका है।

## वेद ज्ञान

### भीतर खुशी, अपनी संतुष्टि ही नैसर्गिक खुशी होती है

भीतर की अपनी खुशी, अपनी संतुष्टि ही नैसर्गिक खुशी होती है। इसकी तैयारी भीतर से ही करनी होती है। इस खुशी के रहते हुए कोई बाहर का तत्व हमें दुखी नहीं बना सकता। भीतर की जो वास्तविक खुशी है वह कुएं के पानी के उस अनवरत स्नोत की तरह है जो जमीन के अंदर से आता है। कुएं के पानी की तरह अंदर से निकला खुशी का निर्मल झरना आत्मा, हमारे तन-मन और समूचे जीवन को आनंदित कर देता है। निरंतर बहने वाले इस खुशी के स्नोत को अगर कोई रोकता है तो वह हैं-हमारे मन में बसे सक्रिय दुर्गुण और वासनाएं। हम बाहर से कितने ही अच्छे काम कर लें, लेकिन अगर भीतर से खुश रहने के लिए तैयार नहीं हैं तो अच्छे से अच्छा काम भी यंत्र-वत बनकर रह जाएगा। यदि हम भीतर से खुश रहने के लिए तैयार हैं तो फिर हमारा हर काम अपने आप में अनूठा होगा, आनंददायी होगा। बाहरी खुशी ऊपर रखी टंकी का वह पानी है जो रोज भरा जाता है और रोज टंकी खाली हो जाती है। टंकी में डाला गया पानी इंद्रियों द्वारा भोगे जाने वाले सांसारिक भोग-विलास हैं। इंद्रियां इन्हीं बाहरी पदार्थों से सुख चाहती हैं, लेकिन बाहरी पदार्थ से कभी वास्तविक खुशी न किसी को मिली है न मिलेगी। इन्हें तो रोज भरना खाली होते रहना है। अपनी खुशी दूसरों में खोजने वाले लंबे समय तक जीवन-यात्रा नहीं कर पाते हैं, लेकिन संसार में रहना है तो दूसरों के बिना जीवन कट भी नहीं सकता। सुख मिले या दुख, संबंध तो निभाने पड़ते ही हैं। एक बार अगर हमने अपने भीतर की खुशी को जान लिया है तो खुशी हमारी मुट्ठी में है। हम सभी चाहते हैं कि कैसे भी, किसी भी प्रकार से खुशी मिल जाए। विभिन्न प्रकार के वर्कशॉप, आयोजन, महोत्सव किए जाते हैं, लेकिन खुशी कोई आयातित बाहरी पदार्थ नहीं है। यह तो हमारी मानसिक अवस्था है, हमारी सोच की दिशा है। यही दिशा जब सकारात्मक होती है तो खुशी में बदल जाती है। बाहर से प्राप्त खुशी वास्तविक न होकर अस्थाई रूप से प्राप्त खुशी की प्रतिछाया होगी। उस व्यक्ति या परिस्थिति जिससे हमने यह प्रतिछाया प्राप्त की है, के हटते या अलग होते ही वह खुशी भी हमसे दूर हो जाएगी।

## संपादकीय

# बदलते वक्त में लड़कियों की कामयाबी की धमक




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई के नतीजे इस वर्ष भी उत्साहजनक रहे। इन परिणामों के आंकड़ों के विश्लेषण के साथ-साथ इसके सामाजिक पहलू पर भी चर्चा स्वाभाविक है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार चले आ रहे रुख के मुताबिक इस वर्ष भी दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में छात्राओं ने बाजी मारी। हालांकि छात्रों की सफलता का अनुपात भी काफी अच्छा है, मगर आगे होने के जो मानक तय किए गए हैं, उसमें लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। बारहवीं के नतीजों में कुल 87.33 फीसद विद्यार्थी पास हुए। इस बार 91.52 फीसद लड़कियों ने परीक्षा पास की है, जो लड़कों से 6.40 फीसद ज्यादा है। इसी तरह, दसवीं की परीक्षा में भी 94.75 फीसद लड़कियां सफल हुईं, जो लड़कों के मुकाबले 2.04 फीसद अधिक है। जाहिर है, एक बार फिर लड़कियों ने यह साबित किया है कि यह महज अवसर मिलने की बात है। वे हर मोर्चे पर साबित कर सकती हैं कि एक पुरुष प्रधान समाज में उनकी क्षमताएं कहीं भी लड़कों से कम नहीं हैं। पढ़ाई-लिखाई के तमाम क्षेत्रों में यही देखा गया है कि लड़कियों को जहां भी मौका मिला है, वे लड़कों के मुकाबले अपेक्षा कम संसाधनों में भी बेहतर नतीजे देती हैं। इसका एक मतलब यह भी निकलता है कि सामाजिक स्तर पर कई तरह की वंचना और बाधाओं के बीच



भी वे खुद को बेहतर साबित कर सकती हैं। यह छिपा नहीं है कि जन्म से लेकर बाद के जीवन तक में पढ़ाई-लिखाई से लेकर हर क्षेत्र में उनके सामने किस-किस तरह की अड़चनें आती रही हैं। लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रहों और संकीर्ण सोच वाले परिवार और समाज आमतौर पर उनके प्रति सहयोगात्मक रुख नहीं अख्तियार करते हैं। हालांकि वक्त बदलने के साथ काफी संख्या में माता-पिता अब अपनी बच्चियों की पढ़ाई-लिखाई और उनके बेहतर भविष्य को लेकर सजग हैं और उन्हें प्रोत्साहन देते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लड़कियों का प्रदर्शन लड़कों से बेहतर होना इस बात का सबूत है। मगर लड़कियों की कामयाबी की यह धमक सार्वजनिक जीवन के अन्य क्षेत्रों में कम दिखती है। सरकार और समाज को इस पहलू पर सजग होना होगा।

## परिदृश्य

# आपदा का संकेत

भारतीय वन सर्वेक्षण ने इसी 12 मई को बताया है कि बीते एक हफ्ते में जंगल में आग लगने की 342 बड़ी घटनाएं देश भर में दर्ज की गईं, जिनमें से 209 तो अकेले उत्तराखंड की थीं। ये आग अमूमन मानवीय लापरवाही या शरारती तत्वों के कारण लगीं। ऐसी आग तब बेकाबू हो जाती है, जब सूखी भूमि का सामान्य से अधिक तापमान वाली हवा के साथ संयोग होता है। उल्लेखनीय है, मार्च से जून तक का समय पक्षियों के लिए प्रजनन का चरम वक्त होता है। ऐसे में, जंगल की आग प्रजनन वाले पक्षियों पर अभूतपूर्व असर डालती हैं। छोटे-बड़े तमाम जीवों पर इनका खासा प्रभाव पड़ता है। स्थानीय पारिस्थितिक अर्थव्यवस्था पर इसके असर की कल्पना करना काफी कठिन है। साफ है, गरम होती दुनिया पक्षियों का जीवन भी बदल रही है। विशेषकर, भोजन और आश्रय के लिए सर्द उत्तरी अक्षांश से उष्णकटिबंधीय, यानी गरम क्षेत्रों में आने वाले प्रवासी पक्षियों को ज्यादा नुकसान हो रहा है। चूंकि जीन एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतिरत होती है, इसलिए साल भर भोजन उपलब्ध हो, तो पक्षियों की कुछ प्रजातियां कठिन यात्राएं शायद ही करेंगी। बेशक, पक्षियों का प्रवासन इतनी जल्दी खत्म नहीं होगा, लेकिन ऐसी रिपोर्टें हैं, जो बताती हैं कि अपने प्रजनन-काल में पक्षी अमूमन जहां जाया करते थे, अब उनमें से कई नहीं जाते। अगर आप दिल्ली के ओखला पक्षी अभयारण्य घूमने जाते रहे हों, तो आपने देखा होगा कि आर्कटिक क्षेत्र से आने वाले कई पक्षी अब तक यहां नहीं आए हैं। इस साल तो कीटों पर भी ध्यान दिया गया, जिनकी आबादी मूलतः कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग और प्रकाश प्रदूषण के कारण घट रही है। जाहिर है, प्रवासी पक्षियों और उनके भोजन-स्नोतों का आपसी समय मेल नहीं खा रहा। इससे पक्षियों की आबादी में संकुचन या विस्तार हो सकता है। आलम यह है कि तमाम प्रकार की चीजों को खाने वाली और हर वातावरण में अनुकूलन करने वाली प्रजातियां बढ़ रही हैं और खास आबोहवा में रहने वाली व खास आहार वाली प्रजातियां कम हो रही हैं। इसका एक बड़ा उदाहरण बैंक मैना है, जो अब टोल प्लाजा व रेलवे स्टेशनों पर ज्यादा दिखती है, क्योंकि इसका प्राकृतिक आवास बाढ़ और विकास की भेंट चढ़ गया है। दरअसल, पक्षियों को ट्रैक करने के उपकरणों ने पक्षी विज्ञानियों को दुनिया भर में पक्षियों के प्रवासन को जानने का मौका दिया है कि किस तरह पक्षी मौसम के अनुसार उत्तर से दक्षिण जाते हैं? आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय उप-महाद्वीप सर्दियों में 600 से अधिक प्रवासी पक्षियों का घर बनता है, लेकिन इनमें से 240 प्रजातियों की आमद घटती जा रही है। हालांकि, विदेशी पक्षी बार-हेडेड हंस के मामले में लाभ की स्थिति है। बेशक, भारत की आबोहवा विदेशी पक्षियों के लिए विविध परिस्थितियां उपलब्ध कराती हैं, लेकिन इन पर विकास योजनाओं की गाज गिर रही है। चरम मौसमी घटनाओं ने ही नहीं, बढ़ते तापमान ने भी पक्षियों के आवास को खत्म किया है। ऐसे में, बैंक मैना या बार-हेडेड हंस की तरह अन्य प्रजातियां भी नए माहौल में अनुकूलन कर पाती हैं या नहीं, यह देखने वाली बात होगी। स्टेट ऑफ इंडियन बर्ड्स (2023) रिपोर्ट कहती है कि पिछले आठ वर्षों में कम से कम 217 प्रजातियां या तो स्थिर हुई हैं या उनमें वृद्धि हुई है और 204 प्रजातियों में गिरावट देखी गई है।

# गोठी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय शैक्षिक करियर सेमिनार का आयोजन

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। वर्द्धमान ग्रुप के तत्वावधान में श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर में कक्षा 10 की परीक्षा देकर आगे के शैक्षिक विषयों के चयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने हेतु सभी विद्यार्थियों का अभिभावकों के साथ करियर काउंसलिंग हेतु तीन दिवसीय शैक्षिक सेमिनार का आयोजन विद्यालय की निदेशक प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक के निर्देशन में किया गया और इसकी सफलता के लिए प्रत्येक दिन विभिन्न विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया जिन्होंने विद्यार्थियों को उनकी रुचि अनुसार पाठ्यक्रम और विषय चयन के लिए मार्गदर्शित किया। गोठी स्कूल में कक्षा 11 हेतु विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों ही विषयों में चयन की सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ विज्ञान और वाणिज्य



विषय में इन्फॉर्मेशन प्रैक्टिस, शारीरिक शिक्षा, हिंदी और गणित विषय लेने के विकल्प उपलब्ध हैं। कला में हिंदी अंग्रेजी के अलावा इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवम भूगोल विषय चयन की सुविधा भी उपलब्ध है। सेमिनार के तीसरे दिन जीसीए अजमेर की एसोसिएट प्रोफेशन डॉ प्रेरणा जैन ने अपने पी पी टी प्रेजेंटेशन और उद्बोधन के माध्यम से वाणिज्य के क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न प्रोफेशनल, एकेडमिक, यूनिवर्सिटी एवम जॉब ओरिएंटेड कोर्स के बारे में महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान कर विद्यार्थियों और अभिभावकों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया की कक्षा 10 के बाद ही विद्यार्थी अपना लक्ष्य चुनकर प्रोफेशनल कोर्स के एंट्रेंस एग्जाम में रजिस्ट्रेशन करवा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अपनी जिज्ञासाओं को विषय विशेषज्ञों के समक्ष रखकर समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, निदेशक डॉ आर सी लोढा, निदेशक प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन दीपक गुप्ता द्वारा किया गया।

## कपड़े की थैली मेरी सहेली राष्ट्रीय प्रॉजेक्ट : सभी केंद्र अपना कर स्वर्ण जयंती वर्ष को सफल बनाएं



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कपड़े की थैली मेरी सहेली महावीर इंटरनेशनल का राष्ट्रीय प्रॉजेक्ट है और अपने स्वर्ण जयंती वर्ष मे संस्था द्वारा सभी 304केंद्रों के माध्यम से इसे सफल बनाने अनुरोध किया गया है। महावीर इंटरनेशनल के गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया ने बताया की प्लास्टिक ऐसा हानिकारक पदार्थ है जो बरसों तक नष्ट नहीं होता है और हमारे पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करता है। यदि हम आज से ही प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर देंगे तभी हम अपना पर्यावरण और पुरे विश्व का भविष्य सुरक्षित एवं संरक्षित कर सकते हैं। आए दिन हम बाजार जाते हैं और दुकानदार हमे प्लास्टिक के थैले मे सामान हमे देता है, इसमें घर आकर हम वेस्ट मैटेरियल भर कर फेकते है जिसे पशु खा जाते हैं और नालियों को ब्लॉक कर देते हैं। घर से जब हम बाजार जाए तो कपड़े की थैली अपने साथ ले जाए और इसी मे सामान लाए। ऐसा करके हम पर्यावरण संरक्षण और पशु कल्याण मे बहुत बड़ा योगदान कर सकते हैं। कोठिया ने बताया की महावीर इंटरनेशनल चाहता है कि आमजन प्लास्टिक के दुष्प्रभाव को जाने और कपड़े की थैली को अपनी सहेली बना ये सन्देश जन जन तक पहुंचाने मे सहभागी बनें। गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया ने बताया की कई लोग कपड़े की थैली के प्रयोग को हल्के में लेते हैं, पर इसे अपना हम अपने सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। महावीर इंटरनेशनल के रीजन 4 उपाध्यक्ष गौतम राठौड़, वागड़ जोन चेयरमैन पृथ्वीराज जैन, गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया, विनोद दोशी डुंगरपुर, जोन सचिव विनोद दोसी, राष्ट्रीय पर्यावरण प्रभारी रवि जैन ने कपड़े की थैली मेरी सहेली प्रॉजेक्ट को लॉन्च कर सभी से इस महा यज्ञ में प्लास्टिक की आहुति देने का आह्वान किया। वागड़ जोन में ग्रीष्मावकाश के बाद सभी स्कूली छात्रों के माध्यम से गांव गांव में रेलिया निकाल कर, गोष्ठियों के आयोजन द्वारा इस संबंध में प्लास्टिक प्रयोग के विरोध मे वातावरण निर्माण किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष सी ए अनिल जैन तथा महासचिव अशोक गोयल ने वागड़ जोन के सभी केंद्रों के अध्यक्षों, सचिवों, पदाधिकारियों और सदस्यों से ₹से नो टू प्लास्टिक ₹ प्रॉजेक्ट को सफल बनाने आह्वान किया है।

## परिंदों के लिए बांधे परिंडे, आंगनबाड़ी केन्द्र पर बांटी सामग्री



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानव एवं समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की सदस्याओं ने सामाजिक सेवा कार्यो के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को सामग्री वितरण करने के साथ आंगनबाड़ी परिक्षेत्र में परिंडे बांधे और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी ली । संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा के मुताबिक दुर्गापुरा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर पढ़ने वाले तथा जरुरतमंद बच्चों को समाजश्रेष्ठी रुचिका - विवेक की ओर से ड्राइ फ्रूट, फल, मिठाई, बिस्कुट आदि वितरित किए गए साथ उनके चेहरे पर मुखौटे लगाकर बच्चों के साथ खुशी के पल बांटे गए। वहीं दूसरी ओर समाजश्रेष्ठी आनन्द - वर्षा अजमेरा की ओर से आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए पर्दे भेट किये गये एवं आसपास के पेड़ों पर पंछियों के पानी पीने के लिए परिण्डे बांधे गये तथा आसपास की औरतों एवं निवासियों को परिन्दों के लिए पानी भरने हेतु परिंडे वितरित किए गए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष प्रसिद्ध युवा समाजसेवी विनोद जैन 'कोटखावदा'का संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की ओर से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती दीपिका जैन कोटखावदा, पूर्व अध्यक्ष मैंना जैन, सचिव रेखा पाटनी, वर्षा अजमेरा, सुनीता जैन, प्रीति जैन, रुचिका जैन सहित सदस्याओं ने बडी संख्या में अपनी सहभागिता निभाई।

# राजस्थान शिक्षा महाविद्यालय में स्वर्गीय डॉ रामजी लाल शास्त्री की पूण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मंगलवार दिनांक 14 मई को सीताराम बाजार, ब्रह्मपुरी स्थित राजस्थान शिक्षा महाविद्यालय में संस्था के संस्थापक सचिव स्वर्गीय डॉ रामजी लाल शास्त्री की पूण्यतिथि पर स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया।संस्था के निदेशक अंशुमान शास्त्री ने सर्व प्रथम स्वयं रक्तदान करके शिविर का प्रारंभ किया। संस्था के प्राचार्य डॉ ओम महला ने बताया कि यह शिविर प्रति वर्ष आज ही के दिन लगाया जाता हैं। शिविर संयोजक परविंदर शर्मा ने बताया कि शिविर में 26 युनिट रक्त एकत्र किया गया।

# देवभूमि बद्रीनाथ धाम में 251 महिलाओं एवं बच्चो को गणवेश की सेवा की

## लायंस क्लब अजमेर आस्था ने भेजी जरूरतमंदो के लिए सेवा



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल,लायन अतुल पाटनी,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी,श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति अजमेर की सदस्याओं एवम क्लब के पूर्व सदस्य घनश्याम सोनी सहित अन्य भामाशाहो के सहयोग से देवभूमि बद्रीनाथ धाम में निवास कर रहे मजदूर वर्ग के 251 जरूरतमंद परिवार की महिलाओं और बच्चों को गणवेश के साथ मिष्ठान बिस्किट आदि का वितरण किया गया।क्लब अध्यक्ष लायन अनिल छाजेड़ ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक लायन अतुल पाटनी के संयोजन में क्लब के सदस्य घनश्याम सोनी के माध्यम से सेवा हिमाचल प्रदेश के तीर्थ बदरीनाथ धाम भेजी , जहा जिला चमोली के समाजसेवी रत्नमणि, हरीश रावत और उदयपुर के गौतम सोनी जैन, मीरा बुनकर के मुख्य आथित्य में क्रमबद्ध तरीके से सम्मान के साथ सेवा भेंट की। सेवा पाकर सभी परिवार ने सेवा सहयोगियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# सुखी जीवन का राज गुण प्राप्ति : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**शाबाश इंडिया**

प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ वर्धमान सरोवर जयपुर में विराजमान है।गुरु माँ ससंघ सान्निध्य में जयपुर में धर्म की महती प्रभावना हो रही है। पूज्य माताजी ने प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि- सुखी जीवन का राज है, अपने से छोटे को देखकर जियें, जितना भाग्य में है उसी में संतोष रखें, दिखावें का जीवन न जियें। ईर्ष्या - जलन, छल - छलावा से दूर रहें ।सुखी जीवन का राज गुणों को प्राप्त करने में है ।बिना धागा की सुई से सिलने जैसा जीवन न जीये ।कला रूपी धागा डालकर ही जीवन में कलाकार बनें। पूज्य गुरु माँ के आहारचर्या कराने का सौभाग्य जयकुमार कासलीवाल मानसरोवर सपरिवार को प्राप्त हुआ ।

VOTE & SUPPORT
All 15 Candidates of
united jewellers group
for JEWELLERS ASSOCIATION, JAIPUR ELECTION
on 25th May 2024 at Janupyogi Bhawan, Janta Colony
• Voting Time 8:00 AM to 5:00 PM


अजय गोधा

आलोक सौंखिया

| | |
|---|---|
| नीरज लुणावत | केदार गुप्ता |
| अभिषेक सांड (साविया ज्वेलरी) | महावीर कुमार डागा (MLD) |
| अजय गोधा | प्रकाश बेंद |
| अनिल ताम्बी | राजू मंगोडीवाला |
| अशोक माहेश्वरी (बागला) | सुनील कुमार गुप्ता (एमरल्ड टॉवर) |
| गोविन्द कुमार गुप्ता (डंगायच) | सुनील नाहर |
| गोविन्द प्रकाश अग्रवाल (एंटीक्यूरेट) | विष्णु मेठी (HMV) |

# मानव सेवा के साथ मनाया परीक्षा में सफलता का जश्न






**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। सेवा क्षेत्र में अग्रणी संस्था महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर के सदस्य रवि एवं संध्या बोहरा द्वारा अपनी पुत्री माही बोहरा के बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंको से उत्तीर्ण होने की खुशी एवं जन्मदिवस का जश्न में सुभाष उधान स्थित महावीर अन्न क्षेत्र में जरुरतमंदों को भोजन कराकर मनाया। इस अवसर पर अशोक पालडेचा, रूपेश कोठारी, अभिषेक नाहटा, पुष्पेन्द्र चौधरी, दिलीप दक, बाबुलाल आच्छा, प्रदीप मकाणा, रोहित मुथा, जितेन्द्र धारिवाल, मोहित कांठेड़, पदम बिनायकिया, नरेन्द्र सुराणा, नवलेश बुरड़, रूपा कोठारी, ममता जैन, इशिका जैन, सोनल बिनायकिया,शिल्पी डोसी,सीमा जैन,अनिता पगारिया,हेमलता नाहर,लक्षिता जैन,सीमा अजमेरा,माही बोहरा, रवि बोहरा, सन्ध्या बोहरा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा संसद प्रत्याशी श्रीमती मंजू शर्मा ने भगवान पदमपुर के दर्शन कर देश में खुशहाली व अमन के लिए प्रार्थना की



**बाड़ा, पदमपुरा. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा में भाजपा संसद प्रत्याशी श्रीमती मंजू शर्मा ने भगवान पदमपुर के दर्शन कर देश में खुशहाली व अमन के लिए प्रार्थना की । इस अवसर पर बीजेपी ज़िला मंत्री जयपुर शहर श्रीमती मृदुला जैन पांड्या ,मनोज पाटनी आदि भी उनके साथ रहे । क्षेत्रीय प्रबंध कार्यकारिणी कमिटी के अध्यक्ष सुधीर जैन, उपाध्यक्ष सुरेंद्र पण्ड्या और सुरेश काला, जे एम जैन तथा कार्यकारिणी के सदस्य डॉ ज्ञान चंद जैन सोगानी , नरेंद्र जैन ,योगेश टोड़रका आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । उपाध्यक्ष सुरेंद्र जैन पांड्या ने बताया कि कमेटी पदाधिकारियो ने श्रीमती मंजू शर्मा का माल्यार्पण, दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया तथा उनकी विजय के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।



# प्रियंका हॉस्पिटल मानसरोवर में डॉयलिसिस यूनिट का हुआ उद्घाटन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प्रियंका हॉस्पिटल मानसरोवर में डॉयलिसिस यूनिट का उद्घाटन आज जय क्लब के प्रेसिडेंट रामशरण गुप्ता द्वारा किया गया। डायलिसिस यूनिट किडनी के मरीजों के लिए उपयोगी होती है। इस यूनिट में डायलिसिस की छ मशीने स्थापित की जाएगी तथा इसका संचालन जाने माने नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ आलोक जैन करेंगे।




# आचार्य श्री अनेकाकांत सागरजी महाराज का धांमनोद में मंगल प्रवेश हुआ



**दीपक प्रधान. शाबाश इंडिया**

धांमनोद। नगर में प्रथम बार आचार्य श्री अभिनंदन सागरजी के परम शिष्य महामुनिराज आचार्य श्री अनेकांत सागरजी महाराज ससंघ का आगमन हुआ जहाँ जैन समाज ने एक जुलूस के साथ आचार्य श्री ससंघ को धांमनोद नगर में मन्दिर तक ढोलक के साथ लाया गया । समाजजनो ने अपने घर के सामने पाद प्रक्षालन किया व आरती की । मन्दिर जी मे भगवान के दर्शन कर प्रथमाचार्य श्री शांतिसागरजी महाराज के आचार्यपदारोहन के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मन्दिर में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे मंगलाचरण प्रीतिं जैन व सोना जैन ने किया इस अवसर समाज अध्यक महेश जैन ने विचार रखते हुए कहा कि धामनोद की पावन भूमि धन्य होगई आचार्य श्री के आने से श्री शांतिसागरजी महाराज के चित्र का अनावरण राजा जैन राकेश जैन संदीप मण्डलोई व मुनिसेवा समिति के सचिन जैन व सजंय जैन ने किया व दीपप्रज्वलन महेश जैन शैलेन्द्र जैन व कार्यकारिणी ने किया इस अवसर पर आचार्य श्री अनेकाकांत सागरजी महाराज ने अपने प्रवचन में धांमनोद की भूमि को धर्म की भूमि बताया। महाराज जी ने कहा कोरोना काल मे कोई भी काम नही आया काम आया धर्म इसलिए धर्म को कभी मत छोड़ना ।आपका हर जगह काम आएगा तो धर्म अच्छे संस्कार को ग्रहण करे संस्कार शिविर लगाए व बेटे व बेटियों को संस्कार सिखाये वह सबसे बड़ी पूंजी रहेगी बेटे व बेटियों की शादी समाज मे ही करे जिससे जैन धर्म भी जीवित रहेगा । अतिथियों का मोती की माला व पँचरगी दुप्पटे से स्वागत किया गया। कार्यकम का संचालन सचिव दीपक प्रधान ने किया ।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com